| Roll Number | | |
|---|---|---|

Code Number 85

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MID TERM EXAMINATION
**HINDI [B]**

CLASS: X

Sub.Code: 085

Time Allotted: 3 Hrs.

17.09.2017

Max.Marks: 80

**सामान्य निर्देश–** 1– इस प्रश्न–पत्र में **क, ख, ग** और **घ** चार खण्ड और **17** प्रश्न हैं।
2– चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3– यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

| क्र सं | खण्ड – क | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को घ्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** | 9 |

वर्षा ऋतु का नाम सुनते ही मन प्रसन्न हो उठता है । ग्रीष्म ऋतु की भयँकर गर्मी से राहत मिलती है। ठंडी फुहारों से स्वर्गिक आनंद की अनुभूति होती है। सभी ऋतुओं में मनमोहक वर्षा ऋतु ही है। गर्मी की तपन के बाद वर्षा का आगमन बड़ा ही आनंददायी होता है । पशु–पक्षी और मानव ही नहीं पेड़–पौधों पर भी इस ऋतु का गहरा प्रभाव पड़ता है। चारों ओर हरियाली ही हरियाली होती है। ऐसा लगता है मानों वीरान और बंजर ज़मीन पर रंग बिरंगे फूल खिल उठे हों। वैषाख और ज्येष्ठ मास की तपन के बाद आसाढ़ मास में मोरों की कूक से अहसास होता है कि बरसात की ऋतु आने वाली है। तब तक गर्मी से मन व्यथित हो चुका होता है। वर्षा शुरू होते ही खेत–खलिहानों में हरियाली छा जाती है। मोर जी भरकर नृत्य करते हैं। कोयल की कूक बहुत सुहानी लगती है। बच्चे उत्साह से भर जाते हैं। उन्हें नंगे बदन वर्षा में भीगते हुए इधर–उधर भागना अच्छा लगता है। अच्छी बरसात हो तो सब झूम उठते हैं।

खेतों में लबालब भरे पानी मे धान की रोपाई और खेतों की जुताई में किसान व्यस्त हो जाते हैं। किसान बहुत ही प्रसन्न हो जाते हैं। ऐसा लगता है कि सारी प्रकृति एक नए अवतार में प्रकट हुई है। वर्षा में धुलकर सब कुछ नया–नया लगता है। बरसात होने पर धरती में पानी का स्तर बढ़ जाता है। सूखे कुएँ दोबारा पानी से भर जाते हैं। एक ओर वर्षा ऋतु प्रसन्नतादायी अनुभूति देती है। दूसरी ओर इस ऋतु में कुछ समस्याएँ भी खड़ी हो जाती हैं। बाढ़ आने से चारों ओर तबाही मच जाती है। गाँव के गाँव बर्बाद हो जाते हैं जिससे लोग बेघर और असहाय हो जाते हैं। महानगरों में तो बाढ़ की स्थिति बहुत भयानक होती है । सीवर जाम हो जाते हैं। यातायात व्यवस्था ठप हो जाती है। लोगों का धर से निकलना दूभर हो जाता है।

1– वर्षा ऋतु का मोर–कोयल और बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता हैं ? **2**

2– किस ऋतु के बाद वर्षा ऋतु आती है और वर्षा ऋतु का पेड़–पौधों पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **2**



**कृपया पन्ना पलटिए–**

3– वर्षा ऋतु को प्रसन्नतादायी अनुभूति देनेवाली ऋतु क्यों कहा गया है ? 2

4– बाढ़ आने से क्या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं ? 2

5– वर्षा ऋतु में किसान किस काम में लग जाते हैं ? 1

2 **निम्नलिखित पद्यांश को घ्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 6

जिसने झेला नहीं, खेल क्या उसने खेला ?
जो कष्टों से भागा, दूर हो गया सहज जीवन के क्रम से,
उसको दे क्या दान प्रकृति की यह गतिमयता, यह नव बेला।
पीड़ा के माथे पर ही आनंद तिलक चढ़ता आया है।
मुझे देखकर आज तुम्हारा मन यदि सचमुच ललचाया है,
तो कृत्रिम दीवारे तोड़ो , बाहर जाओ ,
खुलो , तपो , भीगो, गल जाओ ,
आँधी–तूफ़ानों को सिर पर लेना सीखो।
जीवन का हर दर्द सहेजो,
स्वीकारो हर चोट समय की,
जितनी भी हलचल मचनी हो मच जाने दो,
रस–विष दोनों को गहरे में पच जाने दो,
तभी तुम्हें भी धरती का आशीष मिलेगा
तभी तुम्हारे प्राणों में भी यह पलास का फूल खिलेगा।

1– प्रकृति की नव बेला का दान किसे नहीं मिलता है ? 2

2– **'कृत्रिम दीवारें तोड़ो बाहर जाओ, खुलो , तपो , भीगो , गल जाओ'** के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ? 2

3– कवि के अनुसार धरती का आशीष कब मिलेगा ? 2

## खण्ड – ख

3 उदाहरण देकर शब्द और पद के अंतर को स्पष्ट कीजिए। 2

4 **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** 1 + 1 + 1 3

1– जीवन में पहली बार है कि मैं विचलित हुआ हूँ।
**(रचना के आधार पर वाक्य–भेद बताइए )**

2– घंटी बजते ही विद्यार्थी कक्षा से बाहर चले गए।
**(संयुक्त वाक्य में बदलिए)**

3– झूठ बोलनेवाले की मदद कोई नहीं करता।
**(मिश्र वाक्य में बदलिए)**

| | | |
|---|---|---|
| 5 | निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–<br>क– **समास–विग्रह कर समास का नाम बताइए–** 1 + 1<br>पीताम्बर , चौराहा ।<br>ख– **समास कर समास का नाम बताइए–** 1 + 1<br>लहू से लुहान , भाई और भतीजा । | 4 |
| 6 | **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए–** 1 + 1 + 1 + 1<br>1– कृपया आप मेरे घर आने की कृपा करें।<br>2– मैं भगवान का दर्शन करने गया था।<br>3– वह ने काम नहीं किया।<br>4– सुरेश ने पानी लाया। | 4 |
| 7 | **दोनों मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो जाय–** 1 + 1<br>खून जलाना , एक ही राग अलापना । | 2 |
| | **खण्ड – ग** | |
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 2 + 2 + 1<br>1– लेखक निदा फ़ाज़ली की पत्नी को खिड़की में जाली क्यों लगवानी पड़ी ?<br>2– पुलिस कमिश्नर की नोटिस और कौंसिल की नोटिस में क्या अंतर था ? **डायरी का एक पन्ना** पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।<br>3– कवि शैलेंद्र के अनुसार कलाकार का कर्त्तव्य क्या है ? **तीसरी कसम के शिल्नकार शैलेंद्र** पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए। | 5 |
| 9 | **गिरगिट** पाठ के आधार पर ओचुमेलॉव के चरित्र की विशेषताओं को अपने शब्दों मे लिखिए। | 5 |
| 10 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 2 + 2 + 1<br>1– गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा देती हैं ?<br>2– श्रीकृष्ण को पाने के लिए मीरा क्या–क्या करने को तैयार हैं ?<br>3– कवि सुमित्रानंदन पंत ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है ? | 5 |
| 11 | अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीरजी ने क्या उपाय सुझाया है ? | 5 |
| 12 | हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती ? | 5 |



कृपया पन्ना पलटिए–

## खण्ड – घ

| | | |
|---|---|---|
| 13 | दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–<br><br>1– **संयुक्त परिवार**– संयुक्त परिवार का मतलब , संयुक्त परिवार की समस्याएँ , संयुक्त परिवार के फायदे , संयुक्त परिवार में बच्चों की स्थिति।<br><br>2– **मीठी बोली**– मीठी बोली का अर्थ , व्यवहार में मीठी बोली की आवश्यकता , मीठी बोली से लाभ , मीठी बोली औषधि के समान ।<br><br>3– **प्रदूषण**– प्रदूषण से तात्पर्य , प्रदूषण के प्रकार , प्रदूषण रोकने के उपाय , प्रदूषण के प्रति समाज और सरकार की जिम्मेदारी। | 5 |
| 14 | अपने मुहल्ले में सार्वजनिक पुस्तकालय खोलने का अनुरोध करते हुए जिला के परियोजना अधिकारी को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। | 5 |
| 15 | आप विद्यालय के हिंदी क्लब के महामंत्री हैं। विद्यालय में होनेवाली हिंदी नाटक–प्रतियोगिता की सूचना देते हुए 20 से 30 शब्दों में एक सूचना–लेख तैयार कीजिए। | 5 |
| 16 | आप के विद्यालय में **स्वतंत्रता–दिवस** मनाया गया। इस विषय पर दो मित्रों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत को संवाद रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| 17 | विद्यालय में होनेवाले कार्निवल के लिए लगभग 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | 5 |

**End of the Question Paper**